आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 05.03.2025

मुख्य समाचारः–

1– केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम में संशोधन को मंजूरी दी।

2– राज्य सरकार ने पांच आईएएस अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल किया–दुर्ग और धमतरी जिले के कलेक्टर बदले गए।

3– केंद्रीय राज्यमंत्री व्ही. सोमन्ना ने कोंडागांव में अधिकारियों की बैठक लेकर आकांक्षी जिला कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा की।

4– छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने स्टीम इंस्पेक्टर और सिविल जज परीक्षा कार्यक्रम की घोषणा की।

केंद्रीय मंत्रिमंडल–निर्णय

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम में संशोधन को मंजूरी दे दी है। आज नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने पशुधन स्वास्थ्य और रोग निवारण के लिए तीन हजार आठ सौ अस्सी करोड़ रुपये की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण इस कार्यक्रम का प्रमुख क्षेत्र होगा और इससे किसानों को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पशु औषधि के माध्यम से अच्छी गुणवत्ता वाली और सस्ती जेनेरिक पशु चिकित्सा दवा उपलब्ध कराई जाएगी।

विस–बजट चर्चा/सर्पदंश/सिकलसेल

राज्य विधानसभा में आज भी बजट पर सामान्य चर्चा हुई। इस चर्चा में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीस सदस्यों ने भाग लिया। चर्चा में मुख्य रूप से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत, भाजपा विधायक अजय चंद्राकर और धर्मजीत सिंह ने अपने विचार रखे। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने बजट पर हुई सामान्य चर्चा पर अपना जवाब देते हुए कहा कि विपक्ष को सरकार के रचनात्मक प्रयासों का समर्थन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में साय सरकार सुशासन के आधार पर प्रदेश का विकास कर रही है।

इससे पहले, आज विधानसभा में जशपुर और बिलासपुर जिले में सर्पदंश से होने वाली मौतों में मुआवजे के नाम पर घोटाले का मामला गूंजा। भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि जशपुर में छियानवे और बिलासपुर में चार सौ इकतीस लोगों की सर्पदंश से मौत हुई है, जिनके परिजनों को दिए जाने वाले मुआवजे में करोड़ों रूपये का फर्जीवाड़ा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्व और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से करोड़ों रूपये का घोटाला हुआ है। जवाब में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि शिकायत मिलने पर जांच और कार्रवाई की जाएगी। राजस्व मंत्री ने सदन में बिलासपुर में सर्पदंश से हुई मौतों की जांच कराने की घोषणा भी की।

सदन में आज ध्यानाकर्षण के जरिये भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने सिकलसेल संस्थान में मरीजों के लिए इलाज की सुविधा नहीं होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिकलसेल बीमारी से पच्चीस लाख लोग पीड़ित है। इसके लिए सिर्फ एक ही चिकित्सा संस्थान रायपुर में है, लेकिन वहां भी पर्याप्त विशेषज्ञ नहीं है, मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में सिकलसेल प्रबंधन सेल शुरू किया गया है। चिकित्सकों की नियुक्ति की

कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि सिकलसेल सेंटर ऑफ़ एक्सिलेंस में बोनमैरो ट्रांसप्लांट की व्यवस्था भी शुरू की जा रही है।

आईएएस–तबादला

राज्य सरकार ने दो जिलों के कलेक्टर सहित भारतीय प्रशासनिक सेवा के पांच अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल किया है। जारी आदेश के मुताबिक अभिजीत सिंह को दुर्ग जिले का कलेक्टर बनाया गया है। वहीं, अबिनाश मिश्रा को धमतरी जिले के कलेक्टर के रूप में पदस्थ किया गया है। इसके अलावा रेना जमील को लोक सेवा आयोग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। विश्वदीप को रायपुर नगर निगम के आयुक्त के साथ ही स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, कुमार बिश्वरंजन को रायपुर जिला पंचायत का मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाया गया है।

'आदर्श महिला–अनुकूल ग्राम पंचायत'

केंद्रीय पंचायती राज राज्यमंत्री प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल और स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज नई दिल्ली में आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन में पंचायती राज मंत्रालय की 'आदर्श महिला–अनुकूल ग्राम पंचायत' पहल की शुरुआत की। यह पहल मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का एक हिस्सा है। सरकार ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से इस पहल की शुरूआत की है। इसका उद्देश्य प्रत्येक जिले में कम से कम एक आदर्श महिला–अनुकूल ग्राम पंचायत की स्थापना करना है।

केंद्रीय राज्यमंत्री–कोंडागांव बैठक

केंद्रीय रेल और जल शक्ति राज्यमंत्री व्ही. सोमन्ना ने कोंडागांव में अधिकारियों की बैठक लेकर आकांक्षी जिला कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला और बाल विकास, कौशल विकास सहित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कोंडागांव में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत सभी निर्धारित इंडिकेटर्स पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाए। केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को जिले में लागू कर सभी जरूरतमंदों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही लो वोल्टेज की समस्या का समाधान करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने को भी कहा।

पीएससी–परीक्षा कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग–सीजीपीएससी ने स्टीम इंस्पेक्टर–वाष्पयंत्र निरीक्षक और सिविल जज परीक्षा कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। स्टीम इंस्पेक्टर की परीक्षा चार मई और सिविल जज की परीक्षा अट्ठाईस मई आयोजित की जाएगी। पीएससी के अनुसार वाष्पयंत्र निरीक्षक परीक्षा केवल रायपुर में आयोजित की जाएगी। वहीं, सिविल जज परीक्षा के लिए रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग–भिलाई में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। दोनों परीक्षाओं के एडमिट कार्ड परीक्षा से दस दिन पहले पीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।

हाईकोर्ट–भू–अधिग्रहण

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायाधीश रविंद्र अग्रवाल की खंडपीठ ने गारे कोल ब्लॉक भू–अधिग्रहण से प्रभावित उनचास किसानों की याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार, केंद्र सरकार, रायगढ़ कलेक्टर, घरघोड़ा एसडीओ और जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड को नोटिस जारी किया है। इस याचिका में किसानों ने नया भूमि

अधिग्रहण कानून आ जाने के बावजूद छत्तीसगढ़ भू–राजस्व संहिता की धारा–दो सौ सैंतालीस के तहत किए जा रहे भूमि अधिग्रहण को चुनौती दी है।

वेव्स–सम्मेलन

विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स एक से चार मई तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले, विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। इसके तहत ड्रोन पायलट और फिल्म निर्माताओं को हवाई सिनेमैटोग्राफी के माध्यम से देश के विविध परिदृश्य, विरासत और जीवंत जीवन को पक्षी की नजर से दिखाने वाला दो से तीन मिनट का वीडियो बनाने का काम सौंपा गया है। जिसका शीर्षक – वेव्स इंडियाः ए बर्ड्स आई व्यू चैलेंज, क्रिएट इन इंडिया चैलेंज रखा गया है। वर्तमान में यह चुनौती केवल नमो ड्रोन दीदी श्रेणी के प्रतिभागियों के लिए खुली है और वीडियो जमा करने की अंतिम तिथि पंद्रह मार्च है।

महिला मड़ई

राजधानी रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में आयोजित पांच दिवसीय राज्य स्तरीय महिला मड़ई का कल महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने शुभारंभ किया। इस दौरान श्रीमती राजवाड़े ने पदमश्री जागेश्वर यादव का सम्मान किया। मड़ई मेले में सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया। इस मड़ई की थीम 'सशक्त महिला–समृद्ध महिला' है। महिला मड़ई में लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन दोपहर बारह बजे से रात दस बजे तक किया जा सकता है।

गिरौदपुरी मेला

बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के गिरौदपुरी में कल से तीन दिवसीय गिरौदपुरी मेला शुरू हो गया है। मेले के पहले दिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरु गद्दी के दर्शन और पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली तथा समृद्धि की कामना की। इस दौरान मेला समिति की मांग पर श्री साय ने गिरौदपुरी मेले की राशि पच्चीस लाख से बढ़ाकर पचास लाख करने और मेला परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार से मंदिर तक स्थायी शेड निर्माण की घोषणा की। यह मेला छह मार्च तक चलेगा।

कोंडागांव–वार्षिक मेला

कोंडागांव जिले में कल से वार्षिक मेले की शुरूआत हो गई है। छह दिवसीय यह मेला नौ मार्च तक चलेगा। लगभग सात सौ वर्ष पुराने इस मेले में कोंडागांव सहित बस्तर और नारायणपुर जिले के ग्रामीण शामिल होते हैं। मेले के शुभारंभ अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप, कोंडागांव विधायक लता उसेंडी सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने माता गुड़ी स्थल में देवी–देवताओं की पूजा–अर्चना की। मेला स्थल पर ग्राम पलारी की माता डोली और लाट, देव विग्रह ने परिक्रमा की, जिसके बाद अन्य गांवों के देवी–देवताओं ने अनुकरण किया। पारंपरिक छत्र, डंगई लाट और देव विग्रहों के साथ ढोल–नगाड़ों, मोहरी और अन्य पारंपरिक वाद्ययंत्रों की ध्वनि ने मेला क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।

मौसम

उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं के कारण प्रदेश के न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त हो गया है, जिसके कारण प्रदेशवासियों को गर्मी से कुछ राहत मिलेगी।